>

Title: Need to take steps to check the spread of Dengue, Malaria & Swine Flu in Maharashtra and other parts of the country.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): सभी कोशिशों के बावजूद देश में कई जगहों पर एडिस मच्छरों के प्रजनन के सबूत मिल रहे हैं, इन मच्छरों से होने वाली बीमारी डेंगू के महामारी का रूप लेने की भी आशंका जतायी जा रही है, इसी के समानान्तर मलेरिया का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। अभी-अभी महाराष्ट्र समेत कई जगहों पर भारी मात्रा में मलेरिया के मरीज अस्पतालों में भर्ती हुए हैं। सरकार इनके बचाव हेतु कार्य कर रही है, मगर इसे और तेज गति से एवं इन बीमारियों के बचाव में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, अखबार, पत्रिकाओं और न्यूज से पता चल रहा हे कि दिल्ली के कई स्पोर्टस सेन्टरों में भी डेंगू फैलाने वाले एडिस मच्छरों के प्रजनन के सबूत मिले हैं, तथा कई राज्यों में भी डेंगू फैलने का असर देखा जा रहा है, मेरा अनुरोध है कि सरकार को चिकित्सा पद्धति चुस्त-दुरूस्त करना चाहिए, तथा आवश्यक जगहों पर अस्पतालों में पृथक मेडिकल सेन्टर खोलकर मरीजों को सेवाएं देने की व्यवस्था की जानी चाहिए। गाँवों, कस्बों, में भी इन बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या काफी बढ़ी है उन लोगों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, इन्हीं बीमारियों के समकक्ष स्वाइन फ्लू का असर बढ़ा है। हमें इसको रोकने हेतु आवश्यक उपाय तीव्र गति से करना चाहिए, ये मेरा अनुरोध है।